

## दीपिका पादुकोण ने कान्स फिल्म फेस्टिवल में बढ़ाया देश का मान

फ्रांस में चल रहा कान्स फिल्म फेस्टिवल इस बार भारत के लिए बेहद खास है। वहां देश को कंट्री ऑफ ऑनर का दर्जा मिला है। साथ ही बॉलिवुड ऐक्ट्रेस दीपिका पादुकोण इवेंट में बतौर जूरी मेंबर शामिल हुई हैं। उन्होंने इस उपलब्धि को सिर्फ अपनी नहीं, बल्कि देश की जीत माना है। इसके साथ ही उन्होंने साउथ बनाम बॉलिवुड पर चल रही बहस पर भी बात की। दीपिका पादुकोण ने दैनिक भास्कर को दिए इंटरव्यू में कहा कि उन्हें करीब एक हफ्ते पहले जूरी मेंबर्स में शामिल होने को लेकर एक मेल मिला था, जिसे देखकर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा था। उनके आसपास इस समय दुनियाभर के शानदार फिल्ममेकर्स हैं। वो बोलीं कि अब इंडिया का समय आ चुका है, क्योंकि ग्लोबल लेवल पर पहचान मिल रही है। इस समय साउथ वर्सेज बॉलिवुड की बहस छिड़ हुई है। अब दीपिका ने भी इस पर खुलकर अपनी राय व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि पहले हिंदी और तेलुगू की ऑडियंस अलग थी, लेकिन अब बदलाव हो रहा है। रीजनल सिनेमा मर्ज हो चुका है।

## सोनाक्षी सिन्हा बोलीं– आपका साइज चाहे कुछ भी हो, फर्क नहीं पड़ता

बॉडी के लिए शेम किया जाना, बढ़े वजन पर शेम किया जाना, तरह–तरह की बातें बनाना...ये ऐसी चीजें हैं जो काफी वक्त से चली आ रही हैं और शायद ही खत्म हो। ऐक्ट्रेस को आए दिन खूब बॉडी शेम किया जाता है और यह अभी भी बदस्तूर जारी है। सोनाक्षी सिन्हा और हुमा कुरैशी को भी खूब बॉडी शेम किया गया। इसी सब्जेक्ट पर सोनाक्षी सिन्हा और हुमा कुरैशी ने एक फिल्म साइन की, जिसका नाम है Double XL सोनाक्षी सिन्हा ने हाल ही दिए इंटरव्यू में इस फिल्म के अलावा बॉडी शेमिंग को लेकर बात की। सोनाक्षी सिन्हा ने हमारे सहयोगी ईटाइम्स से बातचीत में कहा, जब स्क्रिप्ट हम दोनों के पास आई तो इसने एकदम हिट किया। मैं इस फिल्म को हुमा कुरैशी के अलावा किसी और के साथ कर ही नहीं सकती थी। यह हम दोनों के लिए बहुत जरूरी फिल्म है क्योंकि हम दोनों को काफी बॉडी शेम किया गया है। बढ़े वजन पर तमाम तरह की बातें बोली गई हैं। ऐसा करियर की शुरुआत से हुआ और यह अब भी होता है। यह खत्म नहीं हुआ है। सोनाक्षी सिन्हा ने आगे कहा, आपका साइज चाहे कुछ भी हो, लोग आपके बारे में हमेशा ही बातें बनाएंगे। यह अब बेमतलब लगता है।

## टीवी की पार्वती सोनारिका भदौरिया ने गुपचुप की सगाई



देवों के देव महादेव में पार्वती का रोल प्ले करने वालीं ऐक्ट्रेस सोनारिका भदौरिया ने गुपचुप सगाई कर ली है। ऐक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर इंगेजमेंट की खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। एक तरफ जहां फैंस सोनारिका भदौरिया को सगाई की बधाई दे रहे हैं, वहीं वो हैरान भी हैं। सोनारिका भदौरिया अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर बेहद कॉन्शस रही हैं। उन्होंने कभी भी अपने रिलेशनशिप का पब्लिकली जिक्र नहीं किया और न ही उनका किसी को–स्टार के साथ नाम जुड़ा। अब सोनारिका भदौरिया ने अचानक ही सगाई करके तहलका मचा दिया है। सोनारिका भदौरिया ने विकास पाराशर से सगाई की। विकास पाराशर ने सोनारिका को बीच पर डायमंड रिंग के साथ प्रपोज किया। दोनों ने वाइट कलर के आउटफिट पहने थे। सोनारिका भदौरिया ने मंगेतर विकास पाराशर को बर्थडे विश करते हुए अपनी सगाई की तस्वीरें शेयर की हैं। विकास पाराशर के साथ सोनारिका भदौरिया के अफेयर के चर्चे 2020 में आने शुरू हुए थे। तब विकास पाराशर ने एक पोस्ट में सोनारिका को बर्थडे विश करते हुए कॉमेंट में आई लव यू लिखा था। लेकिन सोनारिका भदौरिया डेटिंग की खबरों से इनकार करती रहीं और विकास पाराशर को अच्छा दोस्त ही बतातीं।

# सलमान खान की ईद पार्टी में क्यों गई थीं कंगना रनौत?

### 15 दिन बाद अब खुद किया खुलासा

ऐक्ट्रेस कंगना रनौत पिछले कुछ दिनों से सलमान खान के साथ बढ़ती दोस्ती को लेकर चर्चा में हैं। हाल में ही कंगना रनौत सलमान खान की बहन अर्पिता खान की ईद पार्टी में भी पहुंची थीं। उनके इस कदम से फैंस ही नहीं तमाम स्टार्स भी हैरान रह गए कि आखिर कंगना रनौत क्यों सलमान खान की ईद पार्टी में गईं और आखिर इनकी बढ़ती नजदिकियों की असल वजह क्या है। अब 15 दिन बीत जाने के बाद खुद कंगना रनौत ने खुलासा किया है। कंगना ने सलमान की ईद पार्टी में जाने से लेकर उनके संग रिश्ते पर भी जवाब दिया।

टीवी–रेडियो होस्ट सिद्धार्थ कनन को दिए इंटरव्यू में कंगना रनौत ने इस पूरे मामले पर जवाब दिया। धाकड़ ऐक्ट्रेस से पूछा गया कि आपकी और सलमान खान की इस नई इक्वेशन पर आपका क्या कहना है तो कंगना रनौत ने कहा कि, मैं बॉलिवुड पार्टियों में जाना बिल्कुल भी पसंद नहीं करती हूं। लेकिन सलमान खान मेरे अजीज हैं मेरे अच्छे दोस्त हैं। यही वजह है कि मैं उनके न में शामिल हुईं।

**सलमान खान ने फोन करके बुलाया था**

कंगना रनौत ने इस बातचीत में ये भी बताया कि ईद पार्टी 2022 के लिए सलमान खान ने उन्हें खुद फोन किया था और ईद पार्टी का इनविटेशन दिया था। कंगना ने कहा, सलमान खान मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं और उन्होंने मुझे फोन किया। तो मैं उनकी पार्टी में पहुंची। ये नॉर्मल सी बात है और कुछ नहीं है।






**सलमान खान ने कंगना रनौत को दी थी बधाई**

हाल में ही सलमान खान ने कंगना रनौत की आने वाली फिल्म धाकड़ के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने धाकड़ का ट्रेलर शेयर किया और कंगना रनौत से लेकर पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं। वहीं कंगना रनौत ने भी सलमान खान को सोशल मीडिया पर जवाब दिया।

**कंगना ने सलमान खान को बताया था गोल्डन हार्ट**

सलमान खान के पोस्ट पर कंगना रनौत ने भी रिएक्ट किया था। कंगना रनौत ने इंस्टाग्राम पर सलमान खान के पोस्ट को शेयर किया और लिखा, शुक्रिया मेरे दबंग हीरो, हार्ट ऑफ गोल्ड... मैं फिर कभी नहीं कहूंगी कि मैं इस इंडस्ट्री में अकेली हूं।

# हसीनाओं पर भारी पड़ी एआर रहमान और कमल हासन की हंसी

*फ्रांस में 75वें कान फिल्म फेस्टिवल से कमल हासन और एआर रहमान की तस्वीर सामने आई है। इस तस्वीर में उनकी स्माइल देख आप भी यही कहेंगे कि वाह। फेस्टिवल के पहले दिन भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर रेड कार्पेट पर नजर आए।*



फ्रांस में 75वें कान फिल्म फेस्टिवल का आगाज हो चुका है। 17 मई 2022 से शुरू हुए इस समारोह में भारतीयों का दबदबा नजर आए। भारतीयों को इस अंतराष्ट्रीय स्तर पर देख हर देशवासियों का सीना गर्व से चौड़ा हो गया है। जहां एक तरफ कान्स फिल्म फेस्टिवल 2022 में पहली बार भारत कंट्री ऑफ ऑनर के रूप में शामिल हुआ तो दीपिका पादुकोण जूरी के हिस्सा बनीं। इस खूबसूरत शाम से एक तस्वीर ऐसी आई है जिसे देख आप भी प्यार न्यौछावर करने लगेंगे।

फेस्टिवल के पहले दिन भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर रेड कार्पेट पर नजर आए। उनके साथ ऐक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी, आर माधवन व कई भारतीय हस्तियों ने शिरकत की। इस दौरान भारतीय सिंगर और कंपोजर एआर रहमान और अभिनेता कमल हासन भी नजर आए।

**एआर रहमान और कमल हासन की हैप्पी सेल्फी**

कान्स में कमल हासन और एआर रहमान साथ साथ नजर आए। सिंगर ने इंस्टाग्राम पर हैप्पी सेल्फी भी शेयर की। उन्होंने इसे शेयर करते हुए लिखा, थलाइवर और आनंदरु। दोनों की ये मुस्कान दीपिका से लेकर हर हसीना पर भारी पड़ती है।

**कान्स में भारतीय ऐक्ट्रेसेज का जलवा**

बता दें कान्स फिल्म फेस्टिवल 2022 में दीपिका पादुकोण, पूजा हेगड़े, तमन्ना भाटिया, हेली शाह से लेकर कई ऐक्ट्रेसेज पहुंची हैं। पहले दिन दीपिका पादुकोण और उर्वशी रौतेला का जलवा देखने को मिला था।